WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 354 मेरठ, सोमवार 12 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




# अलकायदा की साजिश नाकाम

**▌पुलिस का दावा- आतंकियों ने भीड़ वाली जगहों पर मानव बम से हमले की साजिश रची थी, लखनऊ समेत 6 जिले निशाने पर थे**

**लखनऊ(एजेंसी)।** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के दुबग्गा इलाके में यूपी एटीएस का सर्च ऑपरेशन करीब 7 घंटे से चल रहा है। इस बीच, उत्तर प्रदेश के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि एटीएस ने अल कायदा से जुड़े अन्सार गजवातुल हिन्द एजीएच के 2 आतंकियों मिनहाज अहमद और मसीरुद्दीन उर्फ मुशीर को अरेस्ट किया है। आतंकी 15 अगस्त के आसपास मानव बम बनाकर विस्फोट करना चाहते थे। लखनऊ समेत यूपी के 6 जिले इनके निशाने पर थे।

एडीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि एटीएस को खबर मिली थी कि अल कायदा ने उमर हलमण्डी को भारत में आतंक फैलाने के चलाने के निर्देश दिए थे। हलमण्डी पाकिस्तान और अफगानिस्तान बार्डर से आतंकी गतिविधियां संचालित करता है। वह भारत में एक्यूआईएस संगठन में सदस्यों की भर्ती करने और उन्हें रेडिक्लाइज करने का काम कर रहा था। हलमण्डी ने लखनऊ में अल-कायदा का माड्यूल भी खड़ा कर लिया था। इसके जरिए देश में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की तैयारी थी।



मिनहाज अहमद मसीरुद्दीन उर्फ मुशीर



**लखनऊ के काकोरी में दुबग्गा इलाके में पकड़े गए आतंकी**

लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के दुबग्गा इलाके में यूपी एटीएस करीब 7 घंटे से सर्च ऑपरेशन चला रही है। इसमें एटीएस कमांडो भी शामिल हैं। यहां एटीएस को एक गैरेज में अल कायदा के आतंकियों के छिपे होने का इनपुट मिला था। इसके बाद ऑपरेशन चलाकर दोनों आतंकियों को पकड़ा गया है। पांच आतंकी फरार बताए जा रहे हैं। कमांडोज ने 3 घरों में तलाशी भी ली है। अभी तक बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद हुआ है, जिसमें कुकर और टाइमर बम शामिल है।

**आतंकियों के नेटवर्क में लखनऊ कानपुर के कई लोग शामिल**

प्रशांत कुमार के मुताबिक, अल-कायदा माड्यूल के सदस्यों में मिनहाज, मसीरुद्दीन व शकील का नाम सामने आया है। इन लोगों ने हलमण्डी के निर्देश पर 15 अगस्त से पहले उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों विशेषकर राजधानी लखनऊ में महत्वपूर्ण स्थानों, स्मारकों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विस्फोट करने, मानव बम से आतंकवादी हमला करने की तैयारी कर रहे थे। आतंकियों ने इसी मकसद से हथियार और विस्फोटक भी जमा किए थे। मिनहाज और मसीरूद्दीन ही इसमें मुख्य भूमिका निभा रहें हैं। इनके गिरोह में लखनऊ, कानपुर के कई दूसरे लोग भी शामिल हैं।

## वॉशिंग के लिए गया ट्रेन का इंजन पटरी से उतरा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ सिटी स्टेशन की वाशिंग लाइन में रविवार को एक इंजन पटरी से उतर गया।इंजन के पटरी से उतरते ही स्ध्थानीय अधिकारियों व स्टाफ में हड़कंप मच गया। मौके से मेंटिनेस कर्मचारी पहुंचे और पटरी पर लाने के लिए प्रयास किया जाने लगा।अधिकारियों ने जानकारी दी कि इंजन के पटरी से उतरने की सूचना पर जांच की गइ गई। चूकि इंजन वाशिंग लाइन पर था इस कारण आने वाली गाड़ियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। काफी देर के मशक्ब्कत के बाद कर्मचारियों को कामयाबी मिली।और मशीन और तकनीक की सहायता से इंजन को पटरी पर पुनरू ला दिया गया। जिसके बाद अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इंजन वाशिंग लाइन की ओर जा रहा था रेलवे ट्रैक चेंज ओवर करने के लिए बनी कैंची के कारण इंजन डिरेल द्धपटरी से उतर गयाॠ हुआ। इंजन के डिरेल होते ही रेलवे के स्थानीय स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस करने वाला स्टाफ मौके पर पहुंचा और रेलवे ट्रैक की जांच की। इंजन को ट्रेक पर वापस लाने के लिए गाजियाबाद से विशेष स्क्रीन मंगाई गई थी। जिसके बाद काफी देर तक कर्मचारियों ने प्रयास किया तो इंजन फिर से पटरी पर आ गया। अधिकारियों के अनुसार वाशिंग लाइन में इंजन के डिरेल होने के कारण ट्रेनों के आवागमन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।



## मेरठ में 13 मरीजों में मिला डेल्टा वैरिएंट

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ से जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए 15 सैंपलों की रिपोर्ट दिल्ली की लैब से मिल गई है, इनमें से 13 सैंपलों में डेल्टा वैरिएंट मिला है। दो सैंपलों की रिपोर्ट में निरर्थक लिखा हुआ आया है। कोरोना की दूसरी लहर में डेल्टा वैरिएंट ने कोहराम मचाया था। इसके बाद अब डेल्टा प्लस वैरिएंट के भी उत्तर प्रदेश के दो जिलों में मरीज मिले थे, जिसके बाद अलर्ट किया गया है कि कहीं यह वैरिएंट भी तो पैर नहीं पसार रहा है। इस बारे में जानकारी करने के लिए कोरोना के मरीजों के सैंपल मेडिकल की माइक्रोबायोलश्वजी लैब से जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए दिल्ली की लैब में भेजे जाते हैं। मेरठ से 150 से ज्यादा सैंपल भेजे जा चुके हैं, जिनमें अभी तक 15 सैंपलों की रिपोर्ट आई है। सीएमओ डश्व. अखिलेश मोहन ने बताया कि जून माह में जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए सैंपल भेजे गए थे। किसी में नए वैरिएंट की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। आगे भी जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए सैंपल भेजे जाते रहेंगे। इन दिनों कोरोना की तीसरी लहर को लेकर खतरा बना हुआ है।

## अवैध शराब फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़, आधा दर्जन से ज्यादा गिरफ्तार

**मेरठ दर्पण-बागपत।** एसओजी टीम कोतवाली पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में ह्वदिल्ली के सिरसपुर इलाके में संचालित अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। बागपत पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। 900 लीटर अवैध शराब और उपकरण व पांच वाहन बरामद किए हैं। कई डिस्टलरी के रैपर और हॉलमार्क भी आरापियों के पास से मिले हैं। उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर आदि राज्यों में इनका नेटवर्क फैला था। चंड़ीगढ़ से शराब बनाने के लिए केमिकल दिल्ली ले जाते वक्त बागपत पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया है।ह्व एसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि गिरोह का सरगना रवि पुत्र सुरेंद्र है। जो लोनी का रहने वाला है, फिलहाल राजनगर एक्सटेंसन गाजियाबाद में रहता है। इसके अलावा बागपत के खैला गांव का जितेंद्र पुत्र सतपाल, संजीत कुमार झा पुत्र विरेंद्र कुमार झा निवासी अंतरिक्ष गोल्फ व्यू-1 सेक्टर-78 नोएडा, मोनू वालिया पुत्र ष्ण कुमार निवासी मोहल्ला कटेवा जलालाबाद थानाभवन शामली, ब्रिजेश पुत्र दशरथ निवासी सदरपुर सेक्टर-45 नोएडा, चेतराम पुत्र जवाहर जुगले निवासी जवाहरनगर चौक आंबेडकर पार्क दिल्ली, शानू पुत्र शाकिर हुसैन निवासी सराफाबाद सेक्टर-23 नोएडा, छोटे खां पुत्र मोहम्मद अनवर निवासी उस्मानपुर साढ़े तीन पुरस्ता करतारनगर दिल्ली को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से अवैधध्नकली शराब करीब 900 लीटर अवैध शराब बनाने से संबंधित उपकरण और पांच गाड़ी बरामद की गई हैं। बागपत पुलिस की एक टीम दिल्ली रवाना की गई। जहां पर स्थानीय थाना समयपुर बादली पुलिस के सहयोग से टीम ने सिरसपुर में उक्त फैक्ट्री पर छापा मारा गया जहां पर भारी मात्रा में अवैध शराब से संबंधित सामग्री मिली। जिसको जब्त कर स्थानीय थाना समयपुर बादली दिल्ली में भी मुकदमा दर्ज किया गया है।



## यूपी में अब रात 10 बजे तक खुले रहेंगे बाजार

**▌नाइट कर्फ्यू का वक्त 1 घंटा कम किया, अब रात 10 से सुबह 6 बजे तक रहेगा, प्रदेश में वीकेंड लॉकडाउन अभी जारी रहेगा**

**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बाजार अब रात 10 बजे तक खुल सकेंगे। नाइट कर्फ्यू रात 9 की बजाए अब 10 बजे से शुरू होकर सुबह 6 बजे तक रहेगा। यानी, कर्फ्यू में एक घंटे की राहत मिली है। हालांकि, वीकेंड कर्फ्यू शनिवार-रविवार में ढील नहीं दी है। यह पहले की तरह ही लागू रहेगा। प्रदेश में कोरोना के कम होते केस के बाद रविवार को टीम-9 की बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने यह फैसला लिया है। लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश के करीब 20 लाख रिटेल कारोबारियों को फायदा होगा। क्योंकि, शाम के वक्त अच्छा रिस्पांस मिलता है। लखनऊ, वाराणसी, नोएडा, प्रयागराज, गोरखपुर, आगरा जैसे बड़े शहरों में शाम के वक्त ही लोग खरीददारी करने निकलते हैं। यूपी सरकार ने 21 जून से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए रेस्टोरेंट और मॉल को 50 प्रतिशत क्षमता के साथ खोलने की इजाजत दी थी। इसके साथ ही पार्क, स्ट्रीट फूड खोलने की भी अनुमति 21 जून से दे दी गई थी। हालांकि, अभी सरकार ने शादी समारोह और अन्य आयोजनों में लोगों की संख्या नहीं बढ़ाई है। कार्यक्रमों में एक समय में अधिकतम 25 लोग ही इकट्ठा हो सकेंगे। उन्हें दो गज की दूरी, सैनिटाइजर जैसे बचाव के इंतजाम का पालन करना होगा। वहीं, शव यात्रा में अधिकतम 20 व्यक्ति शामिल हो सकेंगे। प्रदेश में 24 घंटे में 2.40 लाख कोविड सैंपल की जांच की गई। इसमें 125 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वर्तमान में प्रदेश में 1,594 एक्टिव केस हैं। प्रदेश में कोरोना की रिकवरी दर और बेहतर होकर 98.6 प्रतिशत हो गई है। अब तक 16 लाख 83 हजार से अधिक लोग कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, प्रदेश में अब तक 6 करोड़ 6 लाख से अधिक टेस्ट हो चुके हैं। यह देश में किसी एक राज्य द्वारा की गई सर्वाधिक कोविड टेस्टिंग है। पिछले दिनों में 29 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया। अब तक 3 करोड़ 71 लाख से अधिक वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी है।

# वामा सारथी के तत्वाधान में पुलिस लाइन में रोपे गए पौधे




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन द्ववामा सारथीत्र के तत्वाधान में रविवार को पुलिस लाइन में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में शालिनी सभरवाल धर्मपत्नी एडीजी जोन अध्यक्ष जोनल फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन एवं प्रियंका चौधरी पत्नी एसएसपी मेरठ जनपद अध्यक्ष फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, एसपी देहात की पत्नी ट्विंकल झा, एसपी ट्रैफिक की पत्नी ज्योति श्रीवास्तव, एवं दीप्ति भटनागर आदि ने पुलिस लाइन में पौधों को रोपा। इसके बाद उक्त सभी ने ग्रीन हर्बल वाटिका का निरीक्षण किया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने की बात कही। वामा सारथी के सदस्यों ने तुलसी, एलोवेरा, आंवला, इमली, पपीता, नींबू, अमरूद, नीम आदि सहित कई अन्य पौधों को रोपा।

# व्यापार संघ पदाधिकारियों ने किया पौधारोपण



**मेरठ दर्पण- मेरठ।** शहर विधान सभा के बाबा खाकी में रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष अजय गुप्ता, वरिष्ठ मन्त्री ललित अमूल , मीडियासह प्रभारी सुधांशु जी, मंत्री सन्दीप रेवड़ी, पार्षद पंकज गोयल, मंडल अध्यक्ष प्रवीण शर्मा व भाजपा महानगर के मन्त्री सुनील चढडा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का लखनऊ में किया स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का लखनऊ में किया स्वागत। भारतीय उद्योग विकास व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा नेता काजी शादाब ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली का लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पगड़ी पहनाकर तथा बुके देकर स्वागत कियास इस दौरान काजी शादाब ने प्रदेश अध्यक्ष से संगठन से जुड़े हुए मामलों पर चर्चा की स इस मौके पर प्रमुख रूप से शाहनवाज कुरेशी,मुजाहिद साजो,अनवार चौधरी,आदि मौजूद रहे स

# विश्व जनसंख्या दिवस पर पेड़ लगाकर, एनवायरमेंट क्लब ने दिया जनसंख्या नहीं, पेड़ बढ़ाओ का संदेश




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** एनवायरमेंट क्लब की ओर से श्विश्व जनसंख्या दिवसश के अवसर पर कमपोजिट विद्यालय, शोभापुर गांव मेरठ में सघन वृक्षारोपण किया गया। क्लब के अभियान ष्चलो मिलकर एक पौधा रोपेंष के तहत टीम ने जामुन के कई पेड़ लगाए। क्लब संस्थापक सावन कन्नौजिया ने कहा कि आज उभरती पर्यावरण समस्याओं की मूल जड़ निरंतर बढ़ती जनसंख्या ही है, आज हमें जनसंख्या नियंत्रण पर सोचना होगा और सरकार को इस पर कानून बनाना चाहिए। यदि जनसंख्या नियंत्रित हो जाए, तो समाज की लगभग सभी समस्याएं हल हो सकती हैं। इस मौके पर क्लब की ओर से ष्जनसंख्या नहीं, पेड़ बढ़ाओष व ष्प्रश्न कई हैं उत्तर एक, जनसंख्या कम पेड़ हों अनेकष का संदेश दिया गया। पेड़ों को लगाने के बाद उनकी सिंचाई भी गई और उनकी सुरक्षा का संकल्प क्लब टीम के साथ साथ ग्रामीणों ने भी लिया। वृक्षारोपण में आज मुख्य रूप से क्लब संस्थापक सावन कनौजिया, रेखा, आयुष नंदा, पलक नामदेव, अजय, काजल, आशीष बिष्ट, अमन, प्रियांशु पत्रेवाल, विशाल, शुभम, अनिकेत आदि रहे।

# भारतीय किसान यूनियन का धरना लगातार 47 वें दिन सिवाया टोल प्लाजा मेरठ पर जारी रहा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सिवाया टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन मेरठ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता शोसिन प्रधान जी ने की बैठक में आगामी 24 जुलाई को बिजनौर से चलकर गाजीपुर बॉर्डर जाने वाली ट्रैक्टर रैली के मेरठ आगमन पर सत्कार व्यवस्थाओ पर चर्चा हुई साथ ही भाकियू मेरठ की ओर से ट्रैक्टर रैली में शामिल होने वाले वाहनो की संख्या को बढ़ाने के लिए जिले के सभी पदाधिकारीध्तहसील अध्यक्षध्मंडल पदाधिकारीध आदि को अपने प्रभाव क्षेत्र मे जाकर वाहनो की सूची बनाकर आगामी बैठक मे प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया गया आज सिवाया टोल प्लाजा पर भाकियू महानगर कमेटी का विस्तार करते हुए महानगर सचिव के पद की जिम्मेदारी सरताज आलम को सौंपी गयी । जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी ने बताया कि जिला मेरठ के जो साथी गाजीपुर बॉर्डर पर हैं उन्हे छोड़कर बाकि सभी साथियो को आज आयोजित हुई महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा । मनोज त्यागी ने बताया कि जब तक किसान आंदोलन को जिला स्तर पर मजबूत नही किया जायेगा तब तक सरकार तक किसानो की आवाज नही पहुँचेगी, अब सभी भाकियू पदाधिकारीयो को यूनियन की नियमावली के अनुसार कार्य करने की आवश्यकता है इसमे यूनियन के सभी साथी एकजुट होकर सहयोग करें । आज सिवाया टोल के धरने मे विनोद जिटोली, सतवीर जंगेठी,गजेन्द्र सिंह दबतुआ, विनीत सांगवान, बबलू जिटोली, सुशील कुमार पटेल, सुरेन्द्र सिंह बहादरपुर, हरेन्द्र सिंह बना,शोसिन प्रधान, मनोज सांधन, विपीन चौधरी, प्रमोद मास्टर, अशफाक प्रधान, गौरव इलमसिंह, मोनू छुर्र, पदम सिंह अजय दहिया, राजकुमार करनावल, सुमित बफावत, तेजपाल शादीपुर आदि मौजूद रहे।

# लावारिस युवक के अंतिम संस्कार को नही आया कोई सामने, पुलिस और समाजसेवी ने किया अंतिम संस्कार



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकर खेड़ा थाना क्षेत्र के शोभापुर चौकी के पास एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पर उसका अंतिम संस्कार करने के तीन दिन तक जब कोई सामने नही आया तब थाना कंकर खेड़ा पुलिस और समाज सेवी दुष्यन्त रोहटा ने युवक का अंतिम संस्कार कर मानवता का धर्म निभाया। समाजसेवी दुष्यन्त रोहटा ने बताया की मृतक युवक कुछ वर्षो पहले टीपीनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के यहां कार्य करता था जहां से करीब 5 वर्ष पहले ये युवक शोभापुर चौकी के पास एक गोशाला में सेवा कर रहन सहन करने लगा जानकारी के मुताबिक युवक पिछले काफी समय से बीमार चल रहा था पर उसका इलाज कराने वाला कोई नही था गोशाला संचालक ने भी युवक का ना इलाज कराया और मौत होने पर भी अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया वही टीपीनगर में जहां ये युवक काफी वर्षो तक रहा उस व्यक्ति ने भी पुलिस को अंतिम संस्कार करने से साफ मना कर दिया। जिसके बाद थानाध्यक्ष तपेश्वर सागर और समाजसेवी दुष्यन्त रोहटा ने युवक का अंतिम संस्कार कराया।

# कोरोना वायरस की बीमारी से फ्रंट लाइन पर कार्य करने वाले लोगों का गया सम्मानित



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आरएसएस की शाखा प्रबुद्ध सेवा संस्थान द्वारा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के बृहस्पति सभागार में कोरोना वायरस की बीमारी से फ्रंट लाइन पर कार्य करने वाले लोगों को कोरोना वारियर सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें नगर निगम , स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग से जुड़े लोगो तथा समाजसेवी नागरिकों को सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम के संयोजक अश्वनी गुप्ता द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेरठ मंडल कमिश्नर सुरेंद्र सिंह थे। अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एनके तनेजा ने की तथा संचालन प्रबुद्ध संस्था से जुड़े राम सहाय इंटर कॉलेज के प्रबंधक रजनीश त्यागी द्वारा किया गया । अन्य प्रमुख सहयोगी के रुप में मेरठ संघ प्रमुख विनोद भारतीय जी , महामंत्री प्रमोद जैन , राम सहाय इंटर कॉलेज के प्रबंधक रजनीश त्यागी , उप निदेशक स्वास्थ्य डॉ राजकुमार सेवानिवृत्त कमिश्नर आरके भटनागर , रोटेरियन संजय शर्मा , ठाकुर शमशेर सिंह , राजीव प्रताप , मीडिया प्रभारी चरण सिंह स्वामी आदि उपस्थित रहे।

# मोर्चे के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करें: मलिक




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** हरमन सिटी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक के स्वागत एंव पद ग्रहण समारोह मे पश्चिम क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं शामिल हुए। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश सह संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोर्चे के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करें। विशिष्ट अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी अभय कुमार रहें। पद ग्रहण करते हुए जावेद मलिक ने कहा कि कोरोना महामारी जैसे विपरीत समय मे भी आप सब ने इतनी बड़ी संख्या मे आकर इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर जो आप ने मेरा मान सम्मान बढ़ाया है मै सदा आप सभी का अभारी रहूँगा। मुझ जैसे समान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने इस जिम्मेदारी के लायक समझा मे पार्टी का तहेदिल से शुक्रगुजार हूँ। पार्टी ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है उसको निभाने के लिए पूरी मेहनत व लगन से आप सबके सहयोग से निभाने का प्रयास करूँगा। इस मौके पर अली अख्तर शानू , इदरीस खान , सलाउद्दीन सैफी , दिलशाद अहमद , नासिर सैफी , दानिश खान , शादाब त्यागी , अनवर सैफी , यासीन त्यागी , अंजुम निजामी , कुलजीत कौर , जमालुद्दीन अलवी , अब्दुल्लाह चौधरी , तहसीन अंसारी , आदि उपस्थित रहे।


# रेलवे स्टेशन परिसर पर संदिग्ध लोगों की कराई गई तलाशी



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में अलर्ट घोषित होने पर जनपद मुजफ्फरनगर में एलआईयू विभाग ने डॉग स्क्वायड की मदद से सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे स्टेशन परिसर पर किया गहनता से चेकिंग।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर आर्य अकैडमी इंटरनेशनल स्कूल में ऑनलाइन वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर ऑनलाइन जूम मीटिंग के माध्यम से वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने ष्क्या जनसंख्या वृद्धि एक समस्या हैष विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। विद्यार्थियों को दो ग्रुप ए और बी में बांटा गया। जिसमें ग्रुप ए से सौम्या, अंशिका, भव्या, प्रज्ञा, भानु, जयदीप व ग्रुप बी से सपना,चक्षु, कहकशा, आदित्य और कशिश ने प्रतिभाग किया। सौम्या ने बताया कि जनसंख्या समस्या नहीं है, अशिक्षित जनसंख्या समस्या है। हमारे पास जितनी अधिक शिक्षित जनसंख्या है, उतनी ही अधिक शक्ति हमारे पास है। वही दूसरी ओर सपना ने बताया जनसंख्या आज मानव के सामने सबसे महत्वपूर्ण समस्या है, अधिक जनसंख्या हम सभी को प्रभावित करती है संसाधनों की कमी होगी और अधिक जनसंख्या बढ़ेगी तो ग्लोबल वार्मिंग और भी अधिक हो जाएगी।

# मेरा शहर मेरी पहल के सदस्यों ने मां वैष्णों कॉलेज के पास पौधे लगाए




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** ग्लोबल सोशल कनेक्ट तथा मेरा शहर मेरी पहल के सदस्यों ने मां वैष्णो कॉलेज ऑफ एजुकेशन रुड़की रोड मेरठ के पास पौधे लगाए गए.। इस वृक्षारोपण समारोह मैं मुख्य अतिथि के रूप में प्रखर कुमार , सहायक अभियंता, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रहे । उन्होंने वृक्षों के प्रति सभी सदस्यों को जागरूक किया, और उन्होंने बताया कि पेड़ लोगों की जीविका का साधन है और इंधन का भी प्रमुख साधन है इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए. । कॉलेज की चेयरमैन सविता त्यागी जी ने बताया कि पेड़ों के होने से चिड़िया व अन्य प्रकार केह्नजीव जंतुओंह्नको उनका घर मिलता है जिससे वो धूप और बारिश में अपने परिवार की रक्षा करते है. पेड़ों के होने से दुनिया भर को किताबें, अखबार,रबड़, रस्सियाँ, और बहुत सी जरूरत की चीजें मिलती है.ह्नपेड़ों के अनेकों फायदेह्नहै और नुकसान लगभग कुछ भी नहीं है. इसलिए हमें वृक्षों की कटाई कम से कम करने चाहिए वृक्ष हमारे जीवन का एक बहुमूल्य साथ ही है इसलिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और जीवन बचाए। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर सुशील त्यागी, प्राचार्या सीमा चौधरी , दादरी ग्राम प्रधान प्रवीण कुमार, ग्लोबल सोशल कनेक्ट की अध्यक्ष ;चा सिंह , सचिव अभिषेक शर्मा , रतीश गुप्ता , रविंदर पधान , बबिता सोम , देव राज सोम , शिव कुमार तथा मेरा शहर मेरी पहल के कोऑर्डिनेटर अंकुश चौधरी , विपुल सिंघल एवं कोषाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्री हरिदास सेवा समिति द्वारा प्रसाद वितरण का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** श्री हरिदास सेवा समिति की और से सूरज कुंड बाबा मनोहर नाथ मंदिर पर महामंडलेश्वर नीलिमा नन्द महाराज जी के सानिध्य मे प्रसाद वितरण किया गया जिसमे मुख्य अतिथि अनुभव अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, डश्व अंबरीश गोयल, सचिन अनेजा, मनीष मित्तल ,मनु गुप्ता आदि मौजूद रहे। और समिति ने निर्णय लिया है श्री हारिदास सेवा समिति कि और से हर माह के प्रथम रविवार को प्रशाद वितरण किया जायेगा।

# विधायक और बीडीओ ने ग्राम रामपुर में श्मशान घाट का किया भूमि पूजन



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में आज ग्राम पंचायत रामपुर में विधायक प्रमोद उटवाल एवं डॉक्टर नेहा शर्मा खंड विकास अधिकारी सदर व अन्य सहयोगी अधिकारियों एवं सम्मानित ग्रामवासियों की उपस्थिति में श्मशान घाट निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्य संपन्न किया गया। यह भूमि 510 वर्ग मीटर श्री जवाहर लाल शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत को दान स्वरूप प्रदान की गई है। आपको बता दे विगत महीने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने पुरकाजी विधायक प्रमोद ऊँटवाल व रामपुर ग्रामवासियों कि मांग पर श्मशान घाट बनाने के आदेश जिला प्रसासन को दिए थे क्योंकि रामपुर ग्रामवासियों को शवो का दाह संस्कार करने के लिए काफी दूर काली नदी बावन दर्रे के पास जाना पड़ता था ओर बरसात धूप व आंधी आदि में ग्रामवासियों को दाह संस्कार करने में दिक्कत आती थी, इसी के निदान के लिए आज विधायक प्रमोद ऊँटवाल व बीडीओ डॉक्टर नेहा शर्मा ने जमीन दान दाता जवाहर लाल शर्मा सहित भूमि पूजन कार्यक्रम किया। वही दोनो ने दानदाता जवाहर लाल जी का आभार प्रकट कर धन्यवाद अदा किया और श्मशान घाट के लिए पुण्य का कार्य करने के लिए उनकी जमकर प्रसंसा कि।

# मुजफ्फरनगर नगर कोतवाली क्षेत्र के प्रेमपुरी में बन्द पड़े घर मे बड़ी चोरी, घर मालिक गए हुए थे बाहर





**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर-नगर कोतवाली क्षेत्र के प्रेमपुरी मोहल्ले में 8 दिन से बंद पड़े मकान में व्यापारी विपुल गर्ग के मकान में चोरों ने चोरी कर सनसनी फैला दी। आज जब व्यापारी विपुल कई दिन बाद अपने घर पहुंचा तो बंद घर खोलते ही उसके होश उड़ गए। आनन-फानन में पीड़ित व्यापारी ने अपने कुछ परिजनों को सूचना दी, सूचना मिलते ही व्यापारी के परिजन और सहयोगी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही नगर कोतवाल संतोष त्यागी भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। मौके पर पहुंचे व्यापारी सपा नेता सचिन अग्रवाल ने कानून व्यवस्था पर बड़े सवाल उठाते हुए कहा कि इस सरकार में व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है, लगातार व्यापारियों के साथ घटनाएं घट रही है, 2 दिन पहले भी एक व्यापारी को गोली मारी गई थी और आज व्यापारी विपुल गर्ग के घर में चोरों ने हाथ साफ कर दिया, सरकार कानून व्यवस्था की बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन सब फेल है।।

# पंचायती राज प्रधान संगठन के जिला संगठन मंत्री बने राजीव प्रधान



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने रविवार को दौराला विकास खण्ड के ग्राम जमालपुर के ग्राम प्रधान राजीव कुमार को जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणो ने जिला संगठन मंत्री का ढोल नगाड़ों के साथ फूलमालाओ से जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान संगठन के जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन संगठन की जिला इकाई का विस्तार किया जा रहा है। जिसमें सभी ब्लश्वको के अध्यक्ष और कार्यकारणी के साथ जिला कमेटी का भी विस्तार किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रविवार को प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा के आवास पर आयोजित बैठक में ग्राम प्रधान जमालपुर राजीव कुमार को जिला संगठन मंत्री,झिंझाडपुर ग्राम प्रधान अमित कुमार मवाना ब्लश्वक प्रभारी मनोनीत किया गया। स उपस्थित लोगों ने उन्हे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।इस दौरान ब्लश्वक अध्यक्ष दौराला संदीप चौधरी, ब्लश्वक अध्यक्ष मवाना राहुल मान,प्रधान पदमेंदर वर्मा आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख को दी बधाई



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने दौराला ब्लॉक से निर्विरोध निर्वाचित हुई प्रमुख शर्मिष्ठा के आवास पर पहुंच उन्हें बुके भेंटकर मुबारकबाद दी। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए जीत का जश्न मनाया। व्यापार संघ अध्यक्ष गौरव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनिल सैनी, मोहन सैनी, अरुण सैनी, मुन्नु बातनौर, अंशुल गोयल, अंकुर गोयल आदि मौजूद रहे।

# सैफी गाइड नाम किताब का विमोचन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सैफी संघर्ष समिति पंजीकृत के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन अहमद सैफी के आवास पर सैफी गाइड नाम किताब का विमोचन लेखक मास्टर अली शेर द्वारा हसीन अहमद सैफी को भेंट करके किया गया। जिसमें सैफी समाज द्वारा देश की तरक्की में योगदान बच्चों में शिक्षा समाज में फैली कुछ बुराइयों को खत्म करना दहेज बहिष्कार कारोबार व समाज में तरक्की व उन्नति को लिखी बातों पर जोर दिया गया। इस मौके पर हसीन अहमद सैफी ने कहा कि हमारा सैफी समाज देश की प्रगति के हर क्षेत्र में जैसे सुई से लेकर हवाई जहाज के कलपुर्जे तक बनाने में हमारा योगदान है फिर भी हमारा समाज बहुत पिछड़ा हुआ है। वही मास्टर अलीशेर जो कि 1975 से अपने समाज के लिए रात और दिन लगे हुए हैं उन्होंने भी भरोसा दिलाया कि जब तक सांस है अपने समाज के लिए ऐसे ही सेवा करता रहूंगा। इस मौके हाजी इसरार सैफी पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार,? मास्टर अलीशेर सरपरस्त समस्त सैफी समाज,मौव ईरशाद सैफी राष्ट्रीय उपाध यक्ष सैफी वेलफेयर ऑफ इंडिया,मौव सलीम सैफी राष्ट्रीय महासचिव सैफी संघर्ष समिति पंजी त.।रहीमुद्दीन सैफी वरिष्ठ उपाध्यक्ष,हाजी कमाल सैफी उपाध्यक्ष,सुआलेहीन सैफी,शमसुद्दीन सैफी,दाऊद सैफी ,अनवार सैफी हापुड़ मौजूद रहे।

# समाजसेवी संस्थाओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित मुख्य अतिथि रहे नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** एक कदम पर्यावरण संरक्षण मुजफ्फरनगर शहर को हरा भरा करने के उद्देशय से एस.एस दास चौरिटेबल ट्रस्ट, आचार्य कुल, समन्वय स्तम्भ इत्यादि संस्थाओ के सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम अधिकारी सरदार बलजीत सिंह के साथ मिलकर वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में भोपा रोड पर विश्वकर्मा उत्सव मंडप के सामने रोड के डिवाइडर पर एक कदम पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत विश्वकर्मा एकता समिति के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक सिंह नगर मजिस्ट्रेट रहे।मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक सिंह ने देश भक्ति के गीत की पंक्ति ष्देश हमे देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखेष से उपस्थित सभी नागरिको तथा समाजसेवियों को प्रेरित करते हुए इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि अगर एक एक व्यक्ति भी एक पेड़ के संरक्षण की जिम्मेदारी ले ले तो कुछ ही समय में बहुत बड़ा परिवर्तन





देखने को मिलेगा। स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक बलजीत सिंह जी ने आज के कार्यक्रम के सफल बनाने में सहयोग करने वाली सभी संस्थाओ का धन्यवाद भी दिया। विशिष्ट अतिथियों में सुभाष चौहान नामित सदस्य स्वास्थय विभाग एवं. जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर केमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन तथा अखिल भारतीय हिन्दू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण प्रताप उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्ंचािलन आचार्य कुल के प्रांतीय अध्यक्ष होतीलाल शर्मा के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम की व्यवस्था पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला प्रचार प्रमुख रविकांत अग्रवाल एनजीओ प्रमुख अंकुर गुप्ता तथा बिजेंद्र धीमान द्वारा की गयी।वरिष्ठ समाजसेवी एवं विश्वकर्मा सेवा समिति के महामंत्री एवं विश्वकर्मा उत्सव मंडप के संचालक बिजेंद्र धीमान ने कहा कि उनके सामने वाली रोड के डिवाइडर पर लगने वाले सभी पेड़ो में जिम्मेदारी वह स्वयं लेंगे तथा वहां पर उपस्थित अन्य व्यापारियों ने भी पर्यावरण संरक्षण की इस मुहीम में बढ़कर हिस्सा लिया तथा कहा कि इन सभी पेड़ो का संरक्षण भोपा रोड के सभी व्यापारी करेंगे। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला संयोजक अमित गुप्ता ने कहा कि वह अधिक से व्यापारियों से संपर्क करके उनको इस मुहीम से जोड़ने का प्रयास कर रहे है । सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए विश्वकर्मा एकता समिति के पदाधिकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक को भगवान् विश्वकर्मा तथा शिक्षा ;षि महान परम संत परम पूज्य स्वामी कल्याण देव की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। आज पौधो की व्यवस्था आचार्य कुल एवं समन्वय स्तम्भ के सदस्य गणो द्वारा की गयी। कार्यक्रम में आचार्यकुल से कु. राखी गोयल, काजल जैन , रेणुका जेमिनी, शशि गोयल, शिव कुमार धीमान, आचार्य सुरेंद्र पाल सिंह, आचार्य सीता राम, ज्ञानी गुरबचन सिंह, नीरज गौतम, डा. नीलम मालिक, कु. दिव्या मालिक तथा समन्वय स्तम्भ सामाजिक संगठन एवं विश्वकर्मा एकता समिति से विकास गोयल, गिरीश पाहुजा, पंकज अग्रवाल, विपिन गोयल , राकेश अरोरा, प्रमोद जैन, सुरेंद्र धीमान, नाथीराम धीमान, शिवकुमार धीमान , सोनू गर्ग, तथा शाह सतनाम ग्रीन एस. वेलफेयर फॉर्स से किशोरी तथा रविंद्र का विशेष योगदान रहा। वृक्षारोपण के साथ–साथ वृक्ष का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है इसलिए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के एनजीओ कार्यविभाग के प्रमुख अंकुर गुप्ता ने सभी संस्थाओं एवं नागरिकों से इस मुहिम में जुड़ने का अनुरोध किया है ताकि मुजफ्फरनगर को सबसे ग्रीन सिटी बनाने में सफलता प्राप्त की जा सके। एस.एस दास चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमेन एड. संदीप दास ने कहा कि सभी संस्थाओं के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के साथ मिलकर किया जा रहा। वृक्षारोपण का यह कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## मुजफ्फरनगर क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही टायर से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में लगी आग,दमकल विभाग ने आग पर पाया काबू



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर की जानसठ रोड स्थित फैक्ट्री में लगी आग पुराने टायरों से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में टैंकर फटने से लगी आग काम करने वाले मजदूरों ने भाग कर बचाई अपनी जान फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर अग्निशमन विभाग द्वारा फायर ब्रिगेड से बमुश्किल पाया गया आग पर काबू प्रशासन अवैध चल रही फैक्टरी पर कार्यवाही में जुटा हो सकता था बड़ा हादसा लेकिन किसी तरह गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हो पाई।



**मुजफ्फरनगर एसएसपी अभिषेक यादव के निर्देश में थाना जानसठ प्रभारी डीके त्यागी ने आगमी कावड़ यात्रा व ईद के पर्व को ष्टिगत रखते हुए समस्त पुलिसकर्मियों की ली गयी मीटिंग ,दिए गए आवयश्क दिशा निर्देश।**



**मुजफ्फरनगर,उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल द्वारा आयोजित किया गया जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल स्वागत समारोह ,भाजपा जिला प्रभारी चन्द्रमोहन जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला एवम जिला उद्योग व्यपार मण्डल के जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक अशोक कंसल रहे उपस्थित।।**

## हजारों लोगों ने नम आंखों से दी दो सगे भाइयों को अंतिम विदाई

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश शर्मा के परिवार पर टूटा दु:खो का पहाड़, ईश्वर की सत्ता के आगे हम सभी नतमस्तक है , कल शाम मुजफ्फरनगर में एक ऐसी खबर आई जिससे हर किसी ने ईश्वर के निर्णय पर रोष व दु:ख प्रकट किया। मुजफ्फरनगर के जिला परिषद में ब्रज फार्मा के नाम से फार्मेसी चलाने वाले दो सगे भाई दीपक शर्मा व राजीव शर्मा ऋषिकेश में गंगा स्नान के दौरान गंगा में डूबने से दिवंगत हो गए , दोनों दिवंगत भाई वरिष्ठ सपा नेता राकेश शर्मा के साले थे । इस हादसे की सूचना जैसे ही शहरवासियों को मिली तो परिचितों व शुभचिंतकों का इनके आवास पर तांता लग गया। सुबह ऋषिकेश एम्स में पोस्टमार्टम के बाद दोनों





का पार्थिव शरीर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया , ततपश्चात मुजफ्फरनगर पहुँचने पर दोपहर बाद नई मंडी श्मशान घाट पर दोनों का अंतिम संस्कार किया गया , अंतिम क्रिया के समय हजारों की संख्या में शहरवासी , राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद रहे । मौजूद वरिष्ठजनों में जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, जिला अध्यक्ष सपा प्रमोद त्यागी , जिलाध्यक्ष प्रसपा इलम सिंह गुर्जर ,भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा ,मंत्री उत्तरप्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल , पूर्व विधायक अनिल कुमार ,गौरव स्वरूप, मुकेश चौध ारी, विवेक बालियान, अमित पुंडीर ,शिवम त्यागी एडवोकेट, अंकुर त्यागी ,नंदू शर्मा , मुकेश शर्मा , सहेंद्र चौधरी ,विजित त्यागी द्धराजसत्ता पोस्टत्रू आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली सभी सुविधाएं पूर्ण कराने के लिए जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सरकार से करेंगे प्रयास : सुभाष चौहान

**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** आज दिनांक 11 जुलाई दिन रविवार मैं मुजफ्फरनगर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं नामित सदस्य स्वास्थ्य विभाग एवं हिंदू संघर्ष समिति के संरक्षक सुभाष चौहान चरथावल कस्बे में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल से संबंध व्यापार मंडल चरथावल के अध्यक्ष अनुज कुमार गर्ग के प्रतिष्ठान कंवर सेन राकेश कुमार एवं ष्ण ट्रेडिंग कंपनी चरथावल पर पहुंचे ।वहां पर मौजूद चरथावल कस्बे के सम्मानित लोगों ने सुभाष चौहान से नामित सदस्य स्वास्थ्य विभाग होने के कारण चरथावल कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिलने वाली सुविधाओं को पूरा कराने की मांग रखी। चरथावल कस्बे के सम्मानित लोगों ने बताया कि यहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तो है लेकिन सुविधाएं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ही मिल रही है यहां पर 30 बेड होने चाहिए लेकिन अभी केवल 16 बेड ही हैं जिसकी वजह से कोरोनावायरस अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा है इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन तो है लेकिन टेक्नीशियन



नहीं है इसकी भी आपत्ति जताई गई क्योंकि इस अस्पताल में बिल्डिंग का अभाव है जिस वजह से यह सारी दिक्कतें हो रही हैं कस्बा चरथावल वासियों में इसी बात को लेकर रोष है कि यह सिर्फ नाम का ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जबकि यहाँ पर सुविधाएं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से भी कम है। इस पर सुभाष चौहान ने कस्बे के व्यापारियों को आश्वस्त किया कि वह अपना पूरा प्रयास करेंगे कि शासन तक इस बात को प्रमुखता के साथ पहुंचाएंगे एवं जिले के जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इस कार्य को शासन से कराने का प्रयास करेंगे ।उन्होंने चरथावल वासियों से अपील की है कि वह कभी भी किसी भी समय स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं एवं दवा व्यापार से संबंधित किसी भी कार्य के लिए एवं अन्य कार्य के लिए भी उनसे संपर्क कर सकते हैं। चरथावल कस्बे के व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार गर्ग ने सुभाष चौहान जी का आभार व्यक्त किया और उनके द्वारा जनपद में विगत कुछ समय में कोरोना काल में स्वास्थ्य से संबंधित किए गए अच्छे कार्यो की सराहना की ।आज अनुज कुमार गर्ग के प्रतिष्ठान पर अमित गर्ग, अनुपम कंसल, नंदकिशोर ,अमित गुप्ता , सुबोध जैन अरुण प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने **'मेरठ दर्पण'** न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक– अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन** 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।